हिन्दी–विभाग
विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कालेज ,कानपुर
Grade "A" Accredited By NAAC in 2009 & 2016

गुरु - शिष्य : मार्गदर्शन सम्बन्धी आख्या

शैक्षणिक सत्र–2025–26

- महाविद्यालय के हिन्दी विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के करियर सम्बन्धी मार्गदर्शन एवं परामर्श तथा अन्य व्यक्तिगत समस्याओं के निराकरण हेतु गुरु - शिष्य (mentor - mentee) समितियाँ बनी हुई हैं। उक्त के संदर्भ में विभाग के प्रत्येक प्राध्यापक को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा निर्धारित विद्यार्थियों की सूची उपलब्ध कराई गई थी।
- विभाग के प्रत्येक प्राध्यापक (mentor) सम्बन्धित विद्यार्थियों (mentee) के निरंतर सम्पर्क में रहते हैं। वे उन्हें पाठ्यक्रम, परीक्षा, प्रायोगिक कार्य, परियोजना तथा लघुशोध सम्बन्धी अकादमिक निर्देशन और परामर्श प्रदान करते हैं। अकादमिक और शैक्षणिक क्षेत्र के अतिरिक्त विद्यार्थियों के करियर काउंसलर की भूमिका भी विभाग के प्राध्यापक निभाते हैं।
- जिन विद्यार्थियों की कतिपय व्यक्तिगत या स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं उनकी शिक्षा में बाधक बनती हैं, विभागीय प्राध्यापक यथासम्भव उनके निराकरण का भी प्रयास करते हैं।
- सत्र- 2025-26 में विभाग के प्राध्यापकों (mentors) ने निम्नांकित बिन्दुओं के अन्तर्गत विद्यार्थियों (mentees) का मार्गदर्शन किया।
- विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के प्रमुख उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा के नए अधिगम से परिचित कराया।
- विषयगत शिक्षण के साथ-साथ भारतीय ज्ञान-परम्परा के आलोक में विद्यार्थियों को मूल्यपरक तथा संस्कारपरक शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया।
- विद्यार्थियों को नैतिक, आत्मबल सम्पन्न बनाने के साथ राष्ट्रीय चेतना से युक्त करने का प्रयास किया।
- विद्यार्थियों को पाठ्य सहगामी कार्यकलापों यथा--क्रीड़ा सृजनात्मक लेखन, विविध ललित कलाओं, संगीत, नाट्य, चित्रकला आदि की प्रतिभा को निखारने, प्रोत्साहित करने का कार्य किया।
- विद्यार्थियों को परम्परागत भाषा/साहित्य शिक्षण के अतिरिक्त प्रयोजनमूलक हिन्दी, पत्रकारिता, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, कम्प्यूटिंग उपकरण, सॉफ्टवेयर तथा ई-कंटेंट आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया।

(प्रो0 राकेश कुमार शुक्ल)
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग

हिन्दी—विभाग
विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कालेज ,कानपुर
Grade "A" Accredited By NAAC in 2009 & 2016

गुरु - शिष्य मार्गदर्शन सम्बन्धी बैठकें

शैक्षणिक सत्र–2025–26

गुरु- शिष्य मार्गदर्शन सम्बन्धी बैठकें निम्नांकित तिथियों में आयोजित की गईं -

- **दिनांक 13.01.2026 :** को आयोजित बैठक में विद्यार्थियों की प्रमुख समस्याओं पर विमर्श हुआ, तथा उनके निराकरण का प्रयास किया गया।
- **दिनांक 19.01.2026 :** को आयोजित बैठक में विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम पर विमर्श हुआ तथा पाठ्यक्रम सम्बन्धी समस्यों का समाधान किया गया।
- **दिनांक 22.01.2026 :** को आयोजित बैठक में विद्यार्थियों के विषय सम्बन्धी परियोजना कार्य, लघुशोध परियोजना तथा प्रोजेक्ट कार्य का निर्धारण तथा उसे सम्पन्न करने की विधि/प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।
- **दिनांक 10.02.2026 :** को आयोजित बैठक में विद्यार्थियों को परीक्षा कार्य की तैयारी/ प्रशिक्षण अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बन्धित तैयारियों का प्रशिक्षण तथा पीएच0डी0/नेट आदि की परीक्षाओं की तैयारी के साथ उनकी व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान भी किया गया।

निष्कर्ष :

उक्त बैठकों का विद्यार्थियों पर यह प्रभाव पड़ा कि उनमें शिक्षा, परीक्षा तथा करियर सम्बन्धी आत्मविश्वास पैदा हुआ है।

(प्रो0 राकेश कुमार शुक्ल)
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग

Email: hodhindi@vssdcollege.ac.in
Website: https://vssdcollege.ac.in